[Reg. No. 141/98-99] Tel. 9798242235

(विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से संबद्ध)

# लोक शिक्षा समिति, बिहार

एम्बैसडर पैलेस, कलमबाग चौक, मुजफ्फरपुर-842002

E-mail– lokshiksha@gmail.com website– lokshikshasamiti.org

प्रांतीय पत्रक-08/5125 2080 विक्रमी दिनांक-28/11/2023

मान्यवर/मान्या,

सादर वन्दे!

पुत्र–पौत्र, धनं–धान्यं, हस्त्यश्वादिगवे रथम्।
प्रजानां भवसि माता, आयुष्मन्तं करोतु माम्।।

**भावार्थ**– हे देवी! आप सृष्टि के समस्त जीवों की माता हैं। आप मुझे पुत्र–पौत्र धन–धान्य, हाथी–घोड़े, गौ–बैल, रथ आदि प्रदान करें। आप मुझे दीर्घ आयुष्य बनाएँ।

दीपावली, भैया–दूज, गोवर्धन पूजा, चित्रगुप्त पूजा, सूर्यषष्ठी महाव्रत के सुसम्पन्न करने के बाद आप सभी सपरिवार स्वस्थ एवं सुप्रसन्न होंगे। साथ ही विकास पथ पर अग्रसर होंगे। विकास कार्य के शृंखला में कुछ करणीय कार्य प्रेषित हैं–

## विषयानुक्रम


### संपन्न कार्यक्रम

1. विभाग स्तरीय समिति सदस्य सम्मेलन
2. राष्ट्रीय खेल दिवस
3. विभाग स्तरीय प्रश्नमंच प्रतियोगिता
4. प्रांतीय गणित–विज्ञान मेला
5. रूप–सज्जा प्रतियोगिता
6. प्रांतीय संस्कृति महोत्सव
7. प्रांतीय खेलकूद (एथलेटिक्स) समारोह
8. क्षेत्रीय खेलकूद (एथलेटिक्स) समारोह
9. क्षेत्रीय संस्कृति महोत्सव
10. अखिल भारतीय खेलकूद (एथलेटिक्स) समारोह, बेतिया

### आगामी कार्यक्रम

1. प्रांतीय बालिका शिक्षा कार्यशाला
2. भारतीय भाषा महोत्सव
3. राष्ट्रीय गणित दिवस
4. प्रांतीय संगणक एवं E-पाठशाला विषयक आचार्य प्रशिक्षण वर्ग
5. राष्ट्रीय युवा दिवस
6. श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ न्यास क्षेत्र
7. प्रांतीय अंग्रेजी, हिन्दी, घोष विषयक आचार्य प्रशिक्षण वर्ग
8. प्रांतीय समूह खेलकूद (एथलेटिक्स) शिशु वर्ग

### अन्यान्य

1. विद्यालय संचिका व्यवस्था
2. साप्ताहिक मूल्यांकन
3. पूर्व छात्र पंजीयन
4. मासिक तलपट
5. विद्या भारती एवं संघ परिचय
6. ई–पत्रिका लोक संवाद–द्विमासिक
7. वार्षिक परीक्षा प्रश्नपत्र शुल्क प्रेषण


## संपन्न कार्यक्रम

1. **विभाग स्तरीय समिति सदस्य सम्मेलन :** प्रत्येक विभाग में समिति सदस्यों का सम्मेलन चरणबद्ध रूप से किया गया। जिसमें क्षेत्रीय संगठन मंत्री जी का मार्गदर्शन सभी को प्राप्त हुआ।
2. **राष्ट्रीय खेल दिवस :** दिनांक 29 अगस्त को हॉकी के प्रसिद्ध खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद जी के जन्म दिवस पर हमलोग राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाते हैं। इस अवसर पर 29 अगस्त, 2023 को सभी विद्यालयों में खेल दिवस का आयोजन किया गया।
3. **विभाग स्तरीय प्रश्नमंच प्रतियोगिता :** दिनांक 01 सितंबर, 2023 को विभाग स्तरीय प्रश्नमंच प्रतियोगिता का आयोजन निर्धारित विद्यालय केन्द्र पर सफलतापूर्वक संपन्न हो गया।

4. **प्रांतीय गणित–विज्ञान मेला :** प्रांतीय गणित–विज्ञान मेला का आयोजन सरस्वती विद्या मंदिर, रिंगबाँध, सीतामढ़ी में दिनांक 03 से 05 सितंबर, 2023 तक आयोजित की गई। जिसमें 39 विद्यालय से 437 भैया, 163 बहन, 70 संरक्षक आचार्य, 01 क्षेत्रीय अधिकारी, 02 प्रांतीय अधिकारी की सहभागिता रही।

5. **रूप–सज्जा प्रतियोगिता :** दिनांक 07 सितंबर, 2023 को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर प्रत्येक विद्यालय में श्रीकृष्ण रूप–सज्जा प्रतियोगिता का प्रभावी आयोजन किया गया।

6. **प्रांतीय संस्कृति महोत्सव :** इस महोत्सव का आयोजन दिनांक 08 एवं 09 सितंबर, 2023 को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, दर्शन नगर, छपरा में किया गया। इस महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जो निम्न प्रकार से है–

| प्रतियोगिता | वर्ग | भैया–बहन | विद्यालय की संख्या |
|---|---|---|---|
| अंग्रेजी प्रश्नमंच | शिशु | 36 | 12 |
| | बाल | 42 | 14 |
| | किशोर | 39 | 13 |
| | **कुल** | **117** | **39** |
| संस्कृत प्रश्नमंच | शिशु | 33 | 11 |
| | बाल | 42 | 14 |
| | किशोर | 33 | 11 |
| | **कुल** | **108** | **36** |
| संस्कृति ज्ञान प्रश्नमंच | शिशु | 39 | 13 |
| | बाल | 45 | 15 |
| | किशोर | 36 | 12 |
| | **कुल** | **120** | **40** |
| आशुभाषण | किशोर | 04 | 04 |
| | तरुण | 00 | 00 |
| | **कुल** | **04** | **04** |
| मूर्तिकला | बाल | 06 | 06 |
| | किशोर | 07 | 07 |
| | **कुल** | **13** | **13** |
| कथा–कथन | शिशु | 03 | 03 |
| | बाल | 05 | 05 |
| | **कुल** | **08** | **08** |
| लोक–नृत्य | **कुल** | **60** | **04** |
| आचार्य पत्र–वाचन | **कुल** | **02** | **02** |

कुल 45 विद्यालयों से 240 भैया एवं 192 बहन, 74 संरक्षक आचार्य, 01 क्षेत्रीय अधिकारी, 03 प्रांतीय अधिकारी, 08 पूर्णकालिक, 08 निर्णायक, 10 विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति, 20 व्यवस्था में लगे आचार्य, 14 व्यवस्था में लगे कर्मचारी। कुल मिलाकर 564 की सहभागिता रही।

7. **प्रांतीय खेलकूद (एथलेटिक्स) समारोह :** प्रांतीय खेलकूद (एथलेटिक्स) समारोह दिनांक 25 से 27, सितम्बर, 2023 को श्रीरानी सरस्वती विद्या मंदिर, फारबिसगंज में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस समारोह में 38 विद्यालयों की सहभागिता रही। जिसमें 362 प्रतिभागी भैया–बहन, 41 संरक्षक आचार्य, 42 निर्णायक, 06 पूर्णकालिक, 02 क्षेत्रीय अधिकारी तथा 02 प्रांतीय अधिकारी, कुल 455 की सहभागिता रही।

8. **क्षेत्रीय खेलकूद (एथलेटिक्स) समारोह :** क्षेत्रीय खेलकूद (एथलेटिक्स) समारोह रजरप्पा, झारखण्ड में दिनांक 17 से 19 अक्टूबर, 2023 तक आयोजित किया गया। जिसमें उत्तर बिहार से 77 भैया–बहन, 11 संरक्षक आचार्य, 08 निर्णायकों की सहभागिता रही। इस समारोह में 08 भैया–बहनों ने अखिल भारतीय खेलकूद के लिए अपना स्थान निर्धारित किया।

9. **क्षेत्रीय संस्कृति महोत्सव :** दिनांक 30 एवं 31 अक्टूबर, 2023 को क्षेत्रीय संस्कृति महोत्सव का आयोजन सरस्वती विद्या मंदिर, पकड़तल्ला, कहलगाँव में आयोजित किया गया। इसमें अपने विद्यालयों की अच्छी सहभागिता रही।

10. **अखिल भारतीय खेलकूद (एथलेटिक्स) समारोह, बेतिया :** यह समारोह दिनांक 04 से 08 नवंबर, 2023 तक सरस्वती विद्या मंदिर, बरवतसेना, बेतिया में संपन्न हुआ। बिहार के माननीय राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ अर्लेकर जी (मुख्य अतिथि) के द्वारा कार्यक्रम का उद्‌घाटन किया गया। साथ ही विशिष्ट अतिथि माननीय सह संगठन मंत्री वि.भा.अ.भा.शि.संस्थान नई दिल्ली श्री श्रीराम आरावकर जी; माननीय मंत्री, वि.भा.अ.भा.शि.संस्थान श्री ब्रह्मा जी राव; माननीय क्षेत्रीय संगठन मंत्री, पूर्वी उत्तर प्रदेश श्री हेमचन्द्र जी, पालक अधिकारी, विद्या भारती अखिल भारतीय खेलकूद की गरिमामयी उपस्थिति रही। इसमें विशिष्ट अतिथि–02, 747 भैया–बहन, 91 निर्णायक, 178 संरक्षक आचार्य, राष्ट्रीय अधिकारी–02, 15 क्षेत्रीय एवं प्रांतीय अधिकारी, 200 स्थानीय अभिभावक, 230 स्थानीय अधिकारी एवं आचार्य बंधु, 140 व्यवस्था में लगे आचार्य बंधु–भगिनी, कुल 1605 की सहभागिता रही। इस आयोजन में सभी विद्यालयों के द्वारा आर्थिक सहयोग किया गया, सभी को आभार।

## आगामी कार्यक्रम

1. **प्रांतीय बालिका शिक्षा कार्यशाला :** यह कार्यशाला दिनांक 28 से 30 नवंबर, 2023 तक सरस्वती बालिका विद्या मंदिर, थाना चौक, पूर्णिया में आयोजित है। इस कार्यशाला में बालिका शिक्षा के विभाग प्रमुख, सह प्रमुख तथा विद्यालय स्तर पर बालिका शिक्षा प्रमुख दीदी जी अपेक्षित हैं। अखिल भारतीय बालिका शिक्षा सह संयोजिका श्रीमती सुनीता पाण्डेय जी उपस्थित रहेंगी। व्यवस्था शुल्क–रुपये 750/– प्रति प्रतिभागी निर्धारित है। शुल्क एवं मार्गव्यय विद्यालय से देय होगा।

2. **भारतीय भाषा महोत्सव :** शिक्षा मंत्रालय द्वारा मानाये जा रहे भारतीय भाषा महोत्सव के संदर्भ में अखिल भारतीय पत्र के कार्यक्रम की प्रति पत्रक के साथ संलग्न है। यह कार्यक्रम दिनांक 11 दिसंबर, 2023 को विद्यालय स्तर पर संपन्न कराना है। संपन्न कार्यक्रम का वृत्त प्रदेश कार्यालय को यथासमय प्रेषित करें। (अनुलग्नक–01)

3. **राष्ट्रीय गणित दिवस :** 22 दिसंबर रामानुजन जयंती को हम गणित दिवस के रूप में मनाते हैं। इस अवसर पर दिनांक 22 दिसंबर, 2023 को विद्यालय स्तर पर गणित मेला का आयोजन किया जायेगा।

4. **प्रांतीय संगणक एवं E–पाठशाला विषयक आचार्य प्रशिक्षण वर्ग :** प्रांतीय संगणक एवं E–पाठशाला विषयक आचार्य प्रशिक्षण वर्ग दिनांक 24 से 28 दिसंबर, 2023 को भारती शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, सदातपुर, मुजफ्फरपुर में आयोजित है। व्यवस्था शुल्क–रुपये 1250/– प्रति प्रतिभागी निर्धारित है। प्रतिभागी मौसम के अनुसार अपने साथ दैनिक उपयोग की सभी वस्तुएँ साथ लेकर आयेंगे।

5. **राष्ट्रीय युवा दिवस :** दिनांक–12 जनवरी, 2024 को स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर विद्यालय स्तर पर पूर्व छात्रों के निमित्त कार्यक्रम अनिवार्य रूप से हो। इसकी विस्तृत योजना बने। कार्यक्रम का संख्यात्मक वृत्त प्रांत को प्रेषित करें।

6. **श्रीराम जन्म भूमि तीर्थ न्यास क्षेत्र :** 500 वर्षों के अथक संघर्ष के बाद हमारे आराध्य श्रीराम का

भव्य एवं दिव्य मंदिर निर्माण के बाद 22 जनवरी, 2024 को मंदिर की प्राण–प्रतिष्ठा का भव्य एवं दिव्य कार्यक्रम आयोजित है। इस निमित्त दिनांक 01 से 22 जनवरी, 2024 तक विविध प्रकार के आध्यात्मिक कार्यक्रम संपूर्ण देश भर में होना है। हम सबको विद्यालय स्तर पर निर्दिष्ट कार्यक्रम को योजनापूर्वक करना है। (अनुलग्नक–02)

7. **प्रांतीय अंग्रेजी, हिन्दी, घोष विषयक आचार्य प्रशिक्षण वर्ग :** यह प्रशिक्षण वर्ग परिवर्तित तिथि 27 से 31 जनवरी, 2024 तक शिवालय आचार्य प्रशिक्षण विद्यालय, विष्णुपुर, बघनगरी में आयोजित है। इस हेतु व्यवस्था शुल्क–रुपये 1250/– प्रति प्रतिभागी निर्धारित है। प्रतिभागी मौसम के अनुसार अपने साथ दैनिक उपयोग की सभी वस्तुएँ साथ लेकर आयेंगे। व्यवस्था शुल्क एवं मार्गव्यय विद्यालय से देय होगा।
8. **प्रांतीय समूह खेलकूद (एथलेटिक्स) शिशु वर्ग :** यह समारोह अपरिहार्य कारणवश तत्काल स्थगित किया जाता है।

## अन्यान्य

1. **विद्यालय संचिका व्यवस्था :** प्रत्येक विद्यालयों में 1. आर्थिक संचिका 2. शिशु संचिका 3. आचार्य संचिका आदि को सुव्यवस्थित एवं अद्यतन करें।
2. **साप्ताहिक मूल्यांकन :** शैक्षिक गुणवत्ता की दृष्टि से विद्यालय स्तर पर कक्षाशः, विषयशः 'साप्ताहिक मूल्यांकन' प्रभावी एवं सुव्यवस्थित हो, ताकि आचार्य/प्रधानाचार्य का भी मूल्यांकन किया जा सके।
3. **पूर्व छात्र पंजीयन :** पूर्व छात्रों का पंजीयन नियमित रूप से पोर्टल पर होता रहे और इनकी संख्या बढ़ती रहे, ऐसी अपेक्षा है। साथ ही पूर्व छात्र पंजी में इनकी जानकारी अंकित करते रहें। vidyabhartialumini.org/alumini/registar
4. **मासिक तलपट :** प्रत्येक माह का मासिक तलपट बने एवं प्रांत को प्रेषित किया जाये।
5. **विद्या भारती एवं संघ परिचय :** विद्यालय स्तर पर 'विद्या भारती एवं संघ परिचय' से संबंधित कार्यक्रम वर्ष में दो बार आयोजित करें। यह कार्यक्रम अनिवार्य रूप से होता रहे, ऐसी अपेक्षा है।
6. **ई–पत्रिका लोक संवाद–द्विमासिक–** ई–पत्रिका का शुभारम्भ श्री कृष्ण चन्द्र गाँधी मिडिया सेंटर, सीवान के द्वारा हो चुका है। आपसे आग्रह है कि अपने कार्यक्रम के आयोजन का फोटो अपलोड करें। अपलोड मैटर के ठीक नीचे कैप्सन (Caption) में ही कार्यक्रम का पूर्ण विवरण टाइप करें।
7. **वार्षिक परीक्षा प्रश्नपत्र शुल्क प्रेषण :** सत्र 2023–24 की वार्षिक परीक्षा हेतु संख्या एवं शुल्क समय से ऑनलाइन https://software.lokshikshasamiti.org.in पर जाकर अपने–अपने परीक्षा की संख्या को भरें तथा इसी के द्वारा परीक्षा की राशि को भी ऑनलाइन प्रेषित करें। इसके पश्चात् प्रांतीय कार्यालय को सूचित करें।

   कक्षा एकादश की अर्द्धवार्षिक परीक्षा दिनांक 05 से 13 दिसंबर, 2023 तक निर्धारित है। इस हेतु परीक्षा कार्यक्रम पूर्व में प्रेषित कर दिया गया है।

**यह पत्रक ई–मेल के माध्यम से भेजी जा रही है। प्रधानाचार्य जी इस पत्रक को कृपया अपने सचिव महोदय के अवलोकनार्थ व समिति बैठक में सूचनार्थ संप्रेषित करेंगे तथा अपने आचार्य बंधु–भगिनी को भी अवलोकन कराकर इसके क्रियान्वयन की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।**

**इसी विश्वास व मंगलकामनाओं के साथ–**

**(मुकेश नंदन)**
**प्रदेश सचिव**

## Grand Bharatiya Bhasha Utsav on Dec 11th, Monday

The Janma Jayanti of Mahakavi Subramania Bharati is being celebrated as Bharatiya Bhasha Utsav which is on 11th December, Monday. This year being Azadi ka Amrita Mahotsav, Ministry of Education is celebrating Bharatiya Bhasha Mahotsav for 75 days starting from 28th September in schools, colleges, universities and other institutions. It is gaining momentum day by day.

The Utsav will culminate on Dec. 11th, Monday with a unique multilingual festival on a grand scale across the country in all the schools, colleges and universities on Dec 11th, Monday. If any examination is already planned for that day, it may be adjusted to some other day.

*Bharatiya Bhasha Utsav – A Language Festival for enjoying the beauty of language diversity and to experience the feeling of oneness in that diversity. Bharatiya Languages are the primary vehicles of Bharatiya culture, arts, music, thoughts and the bonds of unity and harmony of people of Bharat. All of them are intertwined and inseparable from the languages. Hence celebrating Bharatiya Bhasha Utsav in festive fervour and vigour will energise the students and fill them with pride and confidence.*

### Program

Every institution will hold a day-long festival with the participation of students, teachers, parents and members of the public. A few suggestive programs are as the following but the institution could organise the same in their own unique way using the creative talent of the students.

- The activity may begin with all the entrants signing in a Bharatiya language on the big canvas kept at the entrance to campaign in favour of mother tongue, like 'My Signature in My Mother Tongue'.
- Inaugural function.
- Multifaceted and multilingual cultural programs on the dais, like skits, anecdotes, jokes, stories, songs, all in different languages.
- Varieties of songs, dances and other artistic performances in different languages.
- Extempore speeches, extempore songs, extempore drawings and their combinations in different languages.
- Language games and fun programs through different languages.
- Screening of inspiring films, short films, biographical films and documentaries in different languages.
- Competitions.
- Food courts belonging to different linguistic areas.
- Corners where different languages could be introduced in spoken form in order to make the students experience the thrill of speaking and enjoying a new Bharatiya language.
- Exhibition of charts and other exhibits on various aspects of languages of Bharat (Well-designed exhibits will be provided through the portal).
- Seminar, workshop, debate, etc.
- Interactive session with authors and literary figures.
- Exhibiting/Providing first-hand experience of using translation tools.
- Street plays, procession, folk performances, etc.
- And many more such creative programs.

A media strategy may be planned from now onwards to build up the momentum.

All the institutions may chalk out their action plan for the Utsav in a befitting grand way.

# विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान
# VIDYA BHARATI AKHIL BHARATIYA SHIKSHA SANSTHAN

प्रज्ञा सदन, सरस्वती बाल मन्दिर परिसर, रिंग रोड नेहरू नगर, नई दिल्ली–110 065
Pragya Sadan, G.L.T. Saraswati Bal Mandir, Ring Road, Nehru Nagar, New Delhi-110 065


पत्र क्रमांक : वि.भा. / 144 / 2023–24 तिथि : कार्तिक शुक्ल एकादशी, वि.सं. २०८० दिनांक :23 नवम्बर, 2023

समस्त मा. क्षेत्रीय / प्रान्तीय मंत्री / संगठनमंत्री / सहसंगठनमंत्री।

**विषय** – जनवरी, 2024 में बड़े कार्यक्रमों की योजना न किया जाना।

आदरणीय बन्धुवर,
सप्रेम नमस्कार। हरि प्रबोधनी एकादशी की शुभकामनाएँ।

जैसा कि आपकी जानकारी में है, आगामी पौष द्वादशी, वि.सं. 2080 दिनांक 22 जनवरी, 2024 को अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि पर भव्य मन्दिर के लोकार्पण का पावन अवसर आ रहा है। हम सभी के लिए यह हर्ष और गौरव का क्षण होगा कि पाँच शताब्दी के लम्बे संघर्ष और असंख्य वीरों के बलिदान के पश्चात यह शुभ अवसर हम अपनी आँखों से देख सकेंगे।

श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास की योजनानुसार इस पवित्र दिन को केन्द्रित कर देश भर के प्रत्येक ग्राम–बस्ती में आमंत्रण हेतु अक्षत वितरण तथा छोटे–बड़े मन्दिरों में पूजन आदि के कार्यक्रम दिनांक 01 जनवरी से 22 जनवरी तक आयोजित किए जायेंगे। समाज की अपेक्षानुसार हम सबका भी सहयोग रहना उचित ही है।

अतः निवेदन है कि आगामी कार्यक्रमों की योजना करते समय कृपया दिनांक 01 जनवरी से 22 जनवरी, 2024 के मध्य बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं के एकत्रीकरण के किसी कार्यक्रम की योजना न रखें ताकि सभी कार्यकर्ता पूर्ण मनोयोग से रामकाज में समय दे सकें।

भवदीय

अवनीश भटनागर
महामंत्री

**प्रतिलिपि सूचनार्थ :**

1. केन्द्रीय कार्यकारिणी के सभी मा. पदाधिकारी एवं सदस्यगण।
2. सभी अखिल भारतीय विषय संयोजक / सह संयोजक।

दूरभाष : 011-29840126, 29840013, Visit us at: www.vidyabharti.net E-mail: vbabss@yahoo.com